पर्यटकों के लिए आज से खुल जाएंगे कूनो पार्क के गेट

चीतों का कर सकेंगे दीदार

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30सितम्बर। श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में एक अक्टूबर पर्यटक चीतों का रोमांच देख सकेंगे। इसी दिन से नेशनल पार्क में चीता सफारी की शुरुआत हो जाएगी। कूनो पार्क में बाड़ों के अतिरिक्त खुले जंगल में 16 चीते विचरण कर रहे हैं।

कूनो और मंदसौर जिले के गांधीसागर अभयारण्य में कुल 27 चीते हैं। जिनमें भारत में जन्मे शावक भी शामिल हैं। बता दें कि चीता पुनर्वास परियोजना के तहत 17 सितंबर 2022 को अपने जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था। इसके बाद फरवरी 2023 में 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाकर यहां छोड़े गए थे। वर्तमान में कूनो पार्क में 24 चीते हैं, जिसमें से आठ चीते और शावक बाड़े में हैं। शेष खुले जंगल में हैं जिनका दीदार पर्यटक कर सकेंगे। प्रदेश में चीतों के दूसरे रहवास मंदसौर जिले के गांधीसागर अभयारण्य यहां से भेजे गए तीन चीते बाड़ों में हैं। पर्यटन विभाग पार्क खुलने के बाद यहां कूनो रिट्रीट के आयोजन की भी तैयारी कर रहा है, जिसमें पर्यटकों के लिए रहने व खान-पान सहित कई अतिरिक्त सुविधाएं होंगी। एक अक्टूबर से पर्यटक यहां पहुंचेंगे, इसलिए वन विभाग की ओर से कूनो नेशनल पार्क की वेबसाइट पर भी कूनो सफारी को हाइलाइट किया गया है। हेल्पडेस्क भी बनाई गई है, जिस पर चीतों को लेकर पर्यटकों की जिज्ञासा आ रही है।

इस बार देना होगा अधिक किराया

कूनो नेशनल पार्क में चीतों समेत अन्य वन्य जीव भी देखने को मिलेंगे। इसके लिए कूनो नेशनल पार्क की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। छह लोगों के लिए कूनो में सफारी का शुल्क जिप्सी सहित 4,500 रुपये हैं, वहीं अगर आप अपने वाहन से जा रहे हैं तो 1,200 रुपये ही लगेंगे।पार्क के अहेरा गेट और पीपलवाड़ी गेट से कूनो सफारी के लिए जा सकते हैं। इसी क्षेत्र में चीतों को छोड़ा गया है। उत्तम कुमार शर्मा (सीसीएफ व फील्ड डायरेक्टर कूनो पार्क) के अनुसार, वर्जन कूनो में चीतों को देखने के लिए पर्यटक एक अक्टूबर से आ सकते हैं। प्रबंधन की ओर से तैयारियां की गई हैं।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30सितम्बर। शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ एसडी राठौर के मार्गदर्शन में आज सेवा पखवाड़ा अभियान के 14 वें दिवस स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर डॉ सरलेश मौर्य ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार, कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है। इस अभियान के अंतर्गत पूरे देश में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां महिलाओं और बच्चों की निशुल्क जांच के साथ उपचार की व्यवस्था की सुनिश्चित की गई है। इसका उद्देश्य एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, कैंसर जैसी गैर संचारी बीमारियों की जांच कर बीमारी का पता लगाकर माताओं एवं शिशुओं को स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण और अन्य बीमारियों के प्रति जागरूकता के साथ ही उपचार करना है। डॉ मंजू शाक्य ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों की जांच कर महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना, परिवारों में कुपोषण और शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में महिला आत्मनिर्भरता में वृद्धि करना, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय की स्थापना करना मुख्य उद्देश्य है। वेदांकी खंडेलवाल ने बताया कि एक स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार का निर्माण करके, एक स्वस्थ समाज की आधारशिला बन सकती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय में डॉ महेश कुशवाहा, खेमराज आर्य, अनिल तोमर, आदि स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रही।

महिला ने जनसुनवाई में की खाते से पैसे निकलने की शिकायत

जनसुनवाई में 127 आवेदनों पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30सितम्बर । कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने बैंक खाते से कथित तौर पर पैसे निकाले जाने के आरोप के मामले में कियोस्क संचालक पर जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 127 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें संबल योजना और मुआवजा संबंधी प्रकरण भी शामिल थे।

ग्राम ढोढर निवासी गुड्डी बाई सुमन ने कलेक्टर को बताया कि उनके यूको बैंक खाते से कियोस्क संचालकों के माध्यम से 16,700 रुपये की राशि निकाल ली गई है। महिला ने बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करते हुए आरोप लगाया कि उसने यह राशि नहीं निकाली है, लेकिन स्टेटमेंट में निकासी दिख रही है। इस पर कलेक्टर वर्मा ने एलडीएम यदु सॉय और तहसीलदार मनीषा मिश्रा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ौदा के वार्ड 15 निवासी अंजना माहौर ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत लाभ दिए जाने का आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्व. लक्ष्मण माहौर की मृत्यु हो गई है, लेकिन नगर परिषद बड़ौदा ने उनके प्रकरण को अपात्र कर दिया है, जिससे उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कलेक्टर वर्मा ने संबंधित बाबू को तलब करते हुए प्रकरण को अपील में लेकर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह, ग्राम गोहेड़ा निवासी रामअवतार वैष्णव ने अपने बारिश से ढहे मकान के मुआवजे के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि पटवारी को अवगत कराने के बावजूद मुआवजे का प्रकरण तैयार नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर वर्मा ने तहसीलदार मनीषा मिश्रा को जांच कर पात्र होने पर मुआवजा राशि का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारी को दूरभाष पर भी वस्तुस्थिति की जांच करने के निर्देश दिए। ई-केवायसी कराई, अब मिलेगा खाद्यान का लाभकलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान खाद्यान नही मिलने के मामले में हितग्राही बालिका बगवाज निवासी की ई-केवायसी मौके पर ही कराई गई, जिससे बालिका को अगले माह से खाद्यान का लाभ प्राप्त होगा। बालिका के पिता मोहसीन ग्राम बगवाज के निवासी है तथा 5 वर्षीय बालिका का नाम ई-केवायसी से छूट जाने के कारण खाद्यान का लाभ नही मिल रहा था।

मृत बैंक मैनेजर की मां को बीमा कंपनी ने दिए 30 लाख रुपए

श्योपुर। जिला उपभोक्ता आयोग श्योपुर ने ग्राम ढोढर निवासी कांता गर्ग को आदित्य बिरला हैल्थ इंश्योरेश कम्पनी से 30 लाख की बीमा राशि उपलब्ध कराई है।महिला के बेटे की असमय मौत एक सड़क दुर्घटना में बर्ष 2021 में हुई थी। मृतक जितेंद्र गर्ग ने आदित्य बीमा से 25 लाख का बीमा कराया था। मृत्यु के बाद कम्पनी ने दुर्घटना को संदिग्ध मानकर क्लेम देने से इंकार कर दिया था।प्रकरण आयोग में प्रस्तुत किया गया जिस पर आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा सदस्य संगीता बंसल और डॉ. अजय खेमरिया की पीठ ने सुनवाई करने के बाद पिछले साल कम्पनी को 25 लाख बीमा धन देने का आदेश दिया था।आयोग ने सेवा में कमी के आधार पर चार हजार का जुर्माना भी लगाया था। बीमा कम्पनी ने एक साल से ज्यादा अवधि तक कांता गर्ग को भुगतान नही किया तो गर्ग ने आयोग में इजरा दायर कर कम्पनी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।आयोग द्वारा कम्पनी को नोटिस जारी कर तलब किया और विगत रोज कम्पनी ने मृतक जितेंद्र गर्ग की माँ को ब्याज सहित 30 लाख 10 हजार 288 रुपए का भुगतान कर दिया। मृतक जितेंद्र एक्सिस बैंक में मैनेजर के रूप में कार्यरत था ।

समर्थकों ने मनाई पुण्यतिथि, भारतीय राजनीति के धूमकेतु थे सिंधिया : चौहान

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30सितम्बर। पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 24 वी पुण्य तिथि पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान के निवास पर श्रधांजलि दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए उद्बोधन में कहा कि सिंधिया राजनीति में सुचिता के पक्षधर रहे है उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए इसी प्रकार कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता नाथू लाल रावत सोंई ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया के द्वारा क्षेत्र के लिए किए गए विकास कार्यो को याद करते हुए श्रधांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के आयोजक एवं मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने सिंधिया की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रधांजलि देते हुए कहा कि सिंधिया सर्वहारा वर्ग के विकास की चिंता करते थे उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते हुए गरीबो के कल्याण के लिए कार्य किया वो भारतीय राजनीति के धूमकेतु थे उन्होंने मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को महत्व दिया। मैं जीवनभर सिंधिया के बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए काम करता रहूंगा। उक्त पुण्य तिथि पर आयोजित श्रधांजलि कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर मित्तल द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्यगणा गोपाल आचार्य, कैलाशनारायन गुप्ता, जनपद सदस्य यस प्रताप सिंह चौहान, ओम राठौर, गिर्राज सिंह चौधरी, नगरमंडल अध्यक्ष संजय मंगल,राजू तोमर ,जुगल बंसल , हरनारायण जाट,अशोक गौतम, जगदीश चौहान,हंसराज मीना नागदा,महावीर गुप्ता, वीपी सिंह रावत सोंई, कांता सरदार, धर्मेंद्र जाट तलवाड़ा, गिर्राज सिंह जाट, इंद्रजीत गुजर जिला मंत्री,मुकेश खंडेलवाल, मनीष नागोरी, नरेश मीना, विजय सिंह मीणा प्रेमसर, रामचरण नागर, मोहन गोड, लक्ष्मण मीणा,हरिसिंह मीना बिलवाड़ा, ओम प्रकाश मीना हिरनीखेड़ा, भीम जाट ददुनि, देवी शंकर गुजर ,मंगल सिंह जाट ,बलवीर जाट,लखन जाट रतोधन,महावीर मीना तुलसेफ पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा,प्रह्लाद सोनी, महेश राठौर ,जुगनू सिकरवार, हेमू गौतम,बद्री अग्रवाल,भानु शर्मा, राम रूप मीना, नरेश मीना चरोद, मदन गर्ग ,दिनेश गुप्ता, दीपक जादौन आवदा,राजू पारेता, लखन जाट बम्होरी, आबिद बगड़वा, राम राज बैरवा सीसवाली, अबिताभ रावत, आरिफ खिलची, हसन मुंसी पूर्व पार्षद, मोनू तिर्वेदी, बल्ली मित्तल, पंकज गर्ग, कस्तूरचंद गुजर, प्रेमप्रकाश बैरागी, रामअवतार, सुरेश गोड, इंद्रेश नामदेव सोंई, सुभम मीना, अरविंद त्यागी, सोई ,नितेश शर्मा सोई, राम चरन बैरवा ललितपुरा ,जाकिर मोहम्मद आदि समर्थक उपस्थित रहे।

अवैध नशे के खिलाफ युवाओं की मैराथन दौड़, ज्ञापन सौंपा

सैकड़ों युवाओं ने कलेक्ट्रेट से लगाई दौड़

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30सितम्बर। श्योपुर जिले में बढ़ते अवैध नशे के खिलाफ युवाओं ने मंगलवार को सुबह 11 बजे एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया। सैकड़ों युवाओं ने जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक दौड़ लगाई और प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार मनीषा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इसमें अवैध नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

इस अभियान के दौरान विवेक भारद्वाज ने बताया कि श्योपुर जिला स्मैक जैसे खतरनाक नशे की चपेट में आ चुका है। इंजेक्शन सहित अन्य अवैध नशों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिसे तुरंत रोकना आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि नशे की लत से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के युवा तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिले में नशे के खिलाफ एक विशेष और प्रभावी अभियान चलाया जाए। नशा कारोबारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और इसके लिए एक टास्क फोर्स का गठन हो। इसके अतिरिक्त, स्कूल, कॉलेज और पंचायत स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भी सुझाव दिया गया है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में बिहारी सिंह सोलंकी, डॉ. गायत्री मित्तल, हमीन कुरैशी, विष्णु मेरोठा, मुकेश हिरनीखेड़ा, आशीष चौहान, रामलखन नपाखेड़ली, कसान राणा और देवेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल थे।

खेत में किसान पर जंगली जानवर का हमला

मानपुर के जमूदीं गांव की घटना, घायल अस्पताल में भर्ती

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30सितम्बर। श्योपुर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के जमुदी गांव में मंगलवार दोपहर खेत पर मोटर चालू करने गए एक किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, जमुदी गांव निवासी 38 वर्षीय किसान खैमराज गुर्जर अपनी पत्नी के साथ दोपहर करीब 4 बजे खेत पर मोटर चालू करने गए थे। जब वे खेत में पहुंचे, तभी धान की फसल के बीच छिपे जानवर ने अचानक उन पर झपट्टा मारा। जानवर ने खैमराज की जांघ में गहरा घाव कर दिया। किसान की चीख-पुकार सुनकर पास में खड़ी उनकी पत्नी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर जानवर कुछ देर वहां रुका और फिर जंगल की ओर चला गया। हमले के बाद खून से लथपथ किसान अपनी पत्नी के सहारे गांव की ओर लौटने लगे, लेकिन रास्ते में उन्हें जानवर दोबारा दिखाई दिया, जिससे वे घबरा गए और गांव तक नहीं पहुंचे। उन्होंने वापस लौटकर ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायल किसान को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल किसान खैमराज का कहना है कि उस पर बाघ ने हमला किया और अगर उसकी पत्नी शोर ना मचाती तो जानलेवा स्थिति बन सकती थी।

वन विभाग ने दिए 2000 की तत्काल राहत

घटना की खबर फैलते ही ग्रामीण खेतों और जंगल की ओर जाने से बचने लगे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और किसानों की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग की है। श्योपुर रेंजर अरविंद भदौरिया ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि घायल किसान का जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है और विभाग की ओर से तत्काल राहत के तौर पर 2 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है। रेंजर ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील करते हुए बताया कि विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और गश्त को मजबूत किया जा रहा है। इसके अलावा कैमरा ट्रैप और वनकर्मी गांव तथा खेतों के आसपास लगाए जाएंगे, ताकि जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

लक्ष्मण को लगी शक्ति, हनुमान लाए संजीवनी बूटी

नवभारत न्यूज

श्योपुर ,30सितम्बर। रामलीला समारोह समिति द्वारा श्रीरामलाई हनुमान मंदिर पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की रात रावण-अंगद संवाद तथा लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। लक्ष्मण शक्ति का मंचन देख दर्शक भावविभोगर हो गए।

रामलीला में कलाकारों ने लीला का मंचन करते हुए दर्शाया कि विभीषण रावण को त्याग कर भगवान राम की शरण में चले जाते हैं। भगवान राम को एक बार फिर से रावण को समझाने के लिए अंगद को दूत बनाकर लंका में रावण के पास भेजना पड़ा। रावण की ओर से सेनापति मेघनाथ और लक्ष्मण में युद्ध होता है। अंत में मायावी मेघनाथ के शिव बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। रामलीला में लक्ष्मण पर शक्ति का प्रयोग होने से रामदल में हाहाकार मच गया। सुखेन वैद्य को हनुमान जी रामादल में लेकर आए और सुखेन वैद्य के बताए अनुसार सुर्योदय से पूर्व संजीवनी लाने की बात पर हनुमान जी संजीवनी लेकर रामा दल में पहुंचे। संजीवनी से लक्ष्मण की मूछा खुलने से रामा दल में खुशी की लहर छा गई। उधर युद्ध में कुंभकरण के मारे जाने से रावण व्यथित हो उठा। अंगद-रावण संवाद में रावण ने कहा कि अरे बंदर तू कौन है। अंगद ने कहा मैं श्री रघुवीर कर दूत हूं और में तुम्हारी भलाई के लिए ही यहां आया हूं। तुम माता सीता का हरण कर लाए हो तुम्हारी भलाई चाहते हो तो माता सीता को लोटा दो प्रभु श्रीराम से क्षमा मांग लो तो तुम्हारे सारे अपराध माफ कर देंगे। रावण ने कहा कि बंदर के बच्चे संभालकर बोल मूर्ख तु अपने भगवान से कह दे वे मेरी में शरण में आ जाए तो में उन्हें माफ कर दूंगा।

विहिप बजरंग दल ने किया विजयपुर प्रखंड में शस्त्र पूजन

श्योपुर। प्रखंड विजयपुर मे मंडी वार्ड क्रमांक 01 व 08 और 15 मे स्थित नवयुवक मित्र मंडल द्वारा स्थापित मातारानी के पांडालों मे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथियों व दुर्गावाहिनी की बहनो के साथ माता रानी की महाआरती की। महाआरती के बाद पांडालों में मातृशक्ति व दुर्गवाहिनी की बहनों द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम भी किया और कार्यक्रम मे उपस्थित सभी माताओ बहनो को संबोधित करते हुए सोशल मिडिया व लव जिहाद के बारे मे चर्चा की गई।

आज हमे अपनी बहनो को दुर्गा स्वरूपा बनाने की आवश्यकता है ताकि वह स्वयं अपना रक्षण करने योग्य बन सके। बहनों को बताया गया मां दुर्गा की तरह शस्त्र चलाना सिखाना पड़ेगा ताकि बहने स्वयं विधर्मियों का डटकर मुकाबला भी कर सके और उन्हें मुंहतोड़ जवाब भी दे सकें। साथ ही पांडालों में उपस्थित माता बहनों से दुर्गा वाहिनी में जुड़ने का आग्रह भी किया। सभी बहनों के द्वारा मां अंबे की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह मंत्री आशीष पाठक, प्रखंड अध्यक्ष पुष्पेंद्र (बंटी) मुद्गल, मंत्री अभिषेक गुप्ता, विधि प्रमुख एडवोकेट रामानंद पाराशर, सामाजिक समर्स्ता प्रमुख कुलदीप शर्मा, मठ मंदिर प्रमुख ज्ञानेश मुद्गल, सेवा प्रमुख अरविंद तिवारी, गौरक्षा प्रमुख प्रियांशु श्रीवास, सुरक्षा प्रमुख मुकेश शाक्य, व अशोक गुप्ता, एडवोकेट संतोष जादौन, कल्ली धाकड, परीक्षित धाकड़, अंकित गुप्ता, पवन गोयल, गोविंद सिंह परमार, अभी जादौन, कृष्णकांत शर्मा, रघुवीर भारद्वाज, कल्ला धाकड़ आदि बजरंगी भाई मौजूद रहे।

आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत ग्रामीण मंडल इंदरगढ़ की कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़,30सितम्बर। ग्रामीण मण्डल इंदरगढ के मंडल अध्यक्ष प्रवीण गौर द्वारा ग्राम पंचायत इकौना के ग्राम थैली में हनुमान जी के मंदिर पर आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत कार्य शाला का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे , विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे , एवं संजीव गतवार के अलावा पार्टी कार्यकर्ता राम बहादुर सिंह गुर्जर, रघुनाथ सिंह कमरिया, राजेन्द्र सिंह चौहान, किसुन सिंह यादव, राकेश खटीक, हर नारायण सैन, गिरवर सिंह कमरिया, कालीचरण राजपूत, झान सिंह गुर्जर, रमाशंकर पाठक, अंकित सिंह कमरिया, राजकुमार परिहार, जितेंद्र सिंह रावत,अर्जुन सिंह विश्वकर्मा, बबलू चौहान, राजू गुप्ता, शिव मोहन सिंह रावत, अजमेर सिंह गुर्जर, रामबरण सिंह रावत आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ,एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई । आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल एवं उपस्थित समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता के पूर्व देश गुलाम था तब अंग्रेज अपने भारत का पैसा विदेश ले जाते थे 1947 में देश आजाद हुआ आजादी के बाद कांग्रेस के हाथों में सत्ता आई , ये कांग्रेसी भारतीय तो रहे लेकिन इनकी मानसिकता अंग्रेजो के जैसी रही है आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए संदेश दिया है हर एक कार्यकर्ता का दायित्व है की वह गांव-गांव घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करे, कि वह स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करें और उन्हें स्वदेशी एवं विदेशी वस्तुओं की पहचान करायें तभी यह अभियान सफल होगा साथ में स्वयं भी संकल्प करें कि आज से विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करेंगे केवल स्वदेशी उत्पाद का ही उपयोग करेंगे ।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश दांतरे द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इसी प्रकार जिला उपाध्यक्ष भाजपा संजीव गतवार द्वारा भी स्वदेशी उत्पादों के उपयोग हेतु कार्यकर्ताओं को सलाह दी गई ,वरिष्ठ भाजपा नेता राम बहादुर सिंह गुर्जर द्वारा भी इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक अपनी बाद कार्यकर्ताओं के समक्ष कही गई ।कार्यक्रम का सफल संचालन शोभाराम पटवा द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में बलवीर कुशवाहा द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया ।

छात्र-छात्राओं ने की रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में सघन जागरूकता रैली

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़,30सितम्बर। ग्राम कुठोंदा में एड्स जागरूकता के संदर्भ में निकाली। छात्र-छात्राओं ने ग्राम में सघन भ्रमण करते हुए ग्राम वासियों से घर घर चर्चा कर एडस और उसके रोकथाम के संदर्भ में ग्राम वासियों से चर्चा करके कहा कि इसके रोकने का एकमात्र उपाय इसके बारे में इसकी जानकारी है। एड्स की जानकारी ही इसका बचाव है यह बात कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश मौर्य द्वारा गोद ग्राम वासियों से कही गई। कार्यक्रम को सफल आयोजित करने में

प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी सहित प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह यादव, डॉक्टर शबाना बानो ,प्रोफेसर हर विलास जाटव ,रोहित कुशवाहा, मनोज रैकवार ,शुभम तिवारी व सौरव सैनी सहित कार्यक्रम के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

खाद के लिए परेशान न हों किसान : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

सीहोर 30 सितंबर. कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई.

कलेक्टर ने जिले में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलबधता तथा किसानों को वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खाद की कालाबाजारी न हो. गोदामों और दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा जिले की सीमाओं पर विशेष ध्यान रखें. सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें. जिले में रबी सीजन के लिए किसानों को डबल लॉक तथा सहकारी समितियां के माध्यम से खाद वितरण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहें. किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो, टोकन का वितरण व्यवस्थित तरीके से कराया जाए. साथ ही खाद वितरण की सूचना किसानों को समय पर दी जाए. उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं. समस्त विभागों के एल- 1,एल- 2 अधिकारी माह सितंबर की लंबित शिकायतों को अधिक से अधिक संतुष्टि पूर्वक उच्च प्राथमिकता से बंद कराएं. साथ ही 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को बंद कराना सुनिश्चित करें.

मां दुर्गा की महाआरती कर कराया कन्या भोजन

इछावर. क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा जा रहा है. पर्व के अंतिम दिनों में जहां जगह-जगह महाआरती एवं भंडारे आयोजित होने लगे हैं.वहीं कन्याओं का पूजन लोगों द्वारा श्रद्धाभाव के साथ किया जा रहा है. इसी कड़ी में ग्राम ब्रिजिशनगर में मां दुर्गा के दरबार में महाआरती कर कन्या भोजन, हवन पूजन कर मां दुर्गा को 56 भोग लगाया गया. इसके अलावा शीतला माता मंदिर में मातारानी की महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया. इसी प्रकार फागियां, बोरदीकल कनेरिया आदि ग्रामों में अनेक स्थानों पर महाआरती एवं कन्या भोजन का सिलसिला जारी है.